Regarding need to restore stoppage of trains at railway stations in Darrang-Udalgiri Parliamentary Constituency, Assam-Laid

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) **:** कोरोना महामारी काल के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा देशभर में सभी तरह की रेल सेवाओं को बंद कर दिया गया था। हालात सामान्य होने के बाद देश में रेल सेवाओं को पुन: शुरू कर दिया गया था, लेकिन कुछ यात्री ट्रेनों को शुरू नहीं किया गया है या उनके पुराने ठहरावों को बंद कर दिया गया है । कोरोना काल में बंद की गई इन यात्री ट्रेनों के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र दरांग-उदलगुड़ी (असम) समेत देशभर के सामान्य और ग्रामीण क्षेत्र के रेल यात्रियों को आवागमन हेतु बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रेल सुविधाओं के अभाव में इन लोगों को अन्य महंगे साधनों से यात्रा करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिसमें इनके समय और धन की बर्बादी होती है । रेल मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र दरांग-उदलगुड़ी के अंतर्गत Khoirabari, Tangla, Udalguri & Majbat समेत अन्य हाल्ट स्टेशनों पर सभी एक्स्प्रेस और यात्री ट्रेनों के ठहरावों को जल्द से जल्द पुन: शुरू किया जाए और गाडी संख्या 15961/15962, 22411/22412 व 15929/15930 का Majbat रेलवे स्टेशन पर ठहराव मंजूर किया जाए ।